# यूपीईएस ने हासिल की वैश्विक उपलब्धि

■ **देहरादून (एसएनबी)।**

मल्टीडिसिप्लनेरी यूनिवर्सिटी यूपीईएस ने अकादमिक एक्सीलेंस और वैश्विक मान्यता में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में यूपीईएस दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों के प्रतिष्ठित ब्रैकेट में और भारत के टॉफ आठ संस्थानों में स्थान पर है।

■ **यूपीईएस ने 300 से अधिक रैंक की छलांग लगाई**

■ **शीर्ष विवि और प्रतिष्ठित ब्रैकेट में और भारत के टॉफ आठ संस्थानों में स्थान**

यूपीईएस ने 300 से अधिक रैंक की छलांग लगाई है। भारत के शीर्ष आठ विश्वविद्यालयों के एक हिस्से के रूप में यूपीईएस देश के कुछ सबसे प्रसिद्ध संस्थानों जैसे भारतीय विज्ञान संस्थान, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जवाहरलाल नेहरु विवि और दिल्ली विवि की लीग में शामिल हो गया है। इस उपलब्धि पर यूपीईएस के वाईस चांसलर डा. राम के शर्मा ने कहा कि टाइम्स हायरएजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में यह शानदार छलांग हमारे फैकल्टी, छात्रों और कर्मचारियों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह एक वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त संस्थान बनने के हमारे दृष्टिकोण को उजागर करता है जो प्रतिभा का पोषण करता है, इनोवेशन को बढ़ावा देता है और समाज में सार्थक योगदान देता है।